## दिनाँक 13-01-2023 को जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त :-

दिनाँक 13-01-2023 को अपरान्ह 12:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदया, हाथरस की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं 10 वर्ष के अनुरक्षण हतु सूचीबद्ध फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा विरचित **25 नग डी0पी0आर0** के अनुमोदन हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे :-

1. प्रभागीय वनाधिकारी, हाथरस।
2. मुख्य चिकित्साधिकारी, हाथरस।
3. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, हाथरस।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, हाथरस।
5. बेसिक शिक्षा अधिकारी, हाथरस।
6. जिला कृषि अधिकारी, हाथरस।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई विभाग, हाथरस।
8. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0), हाथरस।
9. सहायक अभियन्ता, (डी0डब्ल्यू0एस0एम0),उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0),हाथरस।
10. डी0जी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0, नई दिल्ली।
11. जिला समन्वयक, मै0 मेधज टैक्नो कान्सेप्ट (डी0पी0एम0यू0), हाथरस।
12. जिला परियोजना प्रबन्धक, मै0 आरवी एसोसियेट (टी0पी0आई0), हाथरस।

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 के **शासनादेश** सं0 **16/2021/948 छियत्तर-1-2021-25सम/2019, दिनाँक 19 मार्च, 2021** के अनुपालन में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की **बैठक** दिनाँक 13-01-2023 को आयोजित की गयी।

आयोजित बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जनपद में ग्रामीण पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा विरचित **33 नग डी0पी0आर0 दिनाँक 20-08-2022, 35 नग विरचित डी0पी0आर0 दिनाँक 30-09-2022, 87 नग डी0पी0आर0 दिनांक 14-11-2022 एवं 38 नग डी0पी0आर0 दिनाँक** 22-12-2022 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठकों में अनुमोदित कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी हैं। इस प्रकार अब तक फर्म द्वारा विरचित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में अनुमोदित **डी0पी0आर0 की सं0- 193 है।**

फर्म द्वारा विरचित अवशेष डी0पी0आर0 में से इस बैठक में **25 नग डी0पी0आर0** अनुमोदित किये जाने का प्रस्ताव है। प्रस्तुत **25 नग डी0पी0आर0 में से 22 नग डी0पी0आर0** सर्वसम्मति से अनुमोदित की गयीं। **कमांक** 23 पर अंकित डी0पी0आर0 प्रति एफ0एच0टी0सी0 की लागत रू0 35000.00 से अधिक होने के कारण अनुमोदित नहीं की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम टोंडा परियोजना (01 ग्राम, 01 मजरा) विकास खण्ड सासनी की प्रति एफ0एच0टी0सी लागत कम करने के कारण उक्त स्कीम को सोलर से ग्रिड पर किया गया, किन्तु उक्त ग्राम की आबादी मात्र 1231 होने के कारण प्रति एफ0एच0टी0सी0 लागत रू0 40869.00 हो गयी है, जिसका परीक्षण उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण द्वारा करा लिया गया है। उक्त ग्राम को अन्य परियोजना में सम्मलित नहीं किया जा सकता क्योंकि उसके समीप के ग्राम की परियोजनाओं पूर्व में स्वीकृत हो चुकी हैं, जिस पर महोदया द्वारा उक्त के सम्बन्ध में सक्षम स्तर से मार्ग दर्शन प्राप्त करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया। **शेष 02 नग डी0पी0आर0** तकनीकी रूप से अर्ह न होने के कारण अनुमोदित नहीं की जा सकीं।

उक्त 22 **नग डी0पी0आर0** को सम्मलित करते हुए फर्म द्वारा विरचित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में अनुमोदित **डी0पी0आर0 की सं0- 215** हो जायेगी। बैठक में अनुमोदित की गयी डी0पी0आर0 का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क0 सं0 | विकास खण्ड | पेयजल योजना का नाम | योजना में सम्मलित ग्रामों की सं0 | योजना में सम्मलित अभिकल्पित आबादी (वर्ष-2053) | योजना में प्राविधानित एफ0एच0टी0सी0 | वर्क कॉस्ट (करोड में) | सैनेटेज (करोड में) | कुल लागत (करोड में) | प्रतिव्यक्ति अभिकल्पित लागत वर्ष-2053 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HASAYAN | NAGLA MINYA PATTI DEVRI | 1 | 6511 | 672 | 3.2789 | 0.3415 | 3.6204 | 4951 |
| 2 | Sasni | SAMAMAI RUHAL | 1 | 8632 | 1050 | 4.8244 | 0.5052 | 5.3295 | 5525 |
| 3 | HASAYAN | NAGLA BARI PATTI DEVRI | 1 | 3217 | 387 | 1.9225 | 0.2037 | 2.1262 | 5976 |
| 4 | HASAYAN | JIRAULI KALAN | 2 | 4573 | 541 | 2.3758 | 0.2459 | 2.6217 | 5075 |
| 5 | HASAYAN | MATHURAPUR | 2 | 5403 | 635 | 2.5081 | 0.2599 | 2.7680 | 4541 |
| 6 | SAHPAU | VEER NAGAR | 2 | 3771 | 375 | 2.3092 | 0.2388 | 2.5480 | 5979 |
| 7 | SAHPAU | PARSAURA | 1 | 2918 | 368 | 1.7436 | 0.1790 | 1.9226 | 5793 |
| 8 | SAHPAU | PIHURA | 1 | 2759 | 275 | 1.3635 | 0.1388 | 1.5023 | 4749 |
| 9 | SAPHAU | KHONDA | 1 | 7894 | 934 | 4.6128 | 0.4773 | 5.0901 | 5708 |
| 10 | SASNI | GARHI NANDRAM | 2 | 2981 | 261 | 1.6004 | 0.1695 | 1.7699 | 5369 |
| 11 | SIKANDRA RAO | LIHA ALAMPUR | 1 | 4982 | 611 | 2.7845 | 0.2950 | 3.0795 | 5589 |
| 12 | SAHPAU | SALEHPUR CHANDWARA | 2 | 2650 | 286 | 1.8467 | 0.1956 | 2.0423 | 6969 |
| 13 | MURSAN | SANTIKARA, MAHMUDPU | 3 | 5805 | 631 | 3.9767 | 0.4213 | 4.3980 | 6851 |
| 14 | MURSAN | JAITPUR,TIMRALI | 4 | 6186 | 704 | 4.0070 | 0.4245 | 4.4315 | 6478 |
| 15 | MURSAN | SURATIA | 4 | 5886 | 753 | 3.6872 | 0.3848 | 4.0720 | 6171 |
| 16 | MURSAN | KATHARIA, TAJPUR | 3 | 6364 | 687 | 4.4551 | 0.4719 | 4.9270 | 7000 |
| 17 | SAHPAU | BUDHAINCH | 3 | 6466 | 833 | 3.6715 | 0.3773 | 4.0488 | 5509 |
| 18 | MURSAN | CHANDAPA | 2 | 6414 | 744 | 4.2536 | 0.4506 | 4.7042 | 6632 |
| 19 | SASNI | LAUHARRA | 1 | 5815 | 644 | 2.7778 | 0.2885 | 3.0663 | 4683 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | SAHPAU | MANGROO | 1 | 3811 | 410 | 1.4041 | 0.1429 | 1.5470 | 3541 |
| 21 | SASNI | NAGLA SINGH | 2 | 2621 | 297 | 1.8103 | 0.1918 | 2.0021 | 6907 |
| 22 | HASAYAN | RASULPUR | 5 | 4830 | 595 | 3.1235 | 0.3251 | 3.4486 | 6354 |
| 23 | SASNI | TONDA | 1 | 2242 | 298 | 1.2179 | 0.1234 | 1.3413 | 5194 |
| Total | | | 46 | | 12991 | 65.5551 | 6.8523 | 72.4073 | |

(क्रमांक 23 पर अंकित परियोजना ग्राम टोंडा परियोजना में (01 ग्राम, 01 मजरा) विकास खण्ड सासनी की निर्धारित प्रति एफ0एच0टी0सी0 कॉस्ट रू0 35000.00 अधिकतम होनी चाहिए, किन्तु डी0पी0आर0 में प्रस्तावित प्रति एफ0एच0टी0सी0 कॉस्ट रू0 40869 ली गयी है के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि परियोजना में जनसंख्या मात्र 1231 है, जिसकी कॉस्ट कम करने हेतु परियोजना को ग्रिड आधारित प्रस्तावित किया गया है तथा जल निगम ग्रामीण द्वारा परियोजना का परीक्षण कर लिया गया है। परियोजना की लागत कम करने हेतु आस-पास के सभी ग्रामों को पहले से स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिस कारण उसके समीप के ग्रामों से जोडा जाना सम्भव नहीं है। अतः परियोजना की लागत परियोजना में प्रस्तावित कार्य वास्तविकता के आधार पर लिये गये है।)

उपरोक्त अनुमोदित 22 नग डी0पी0आर0 में से **क्रमांक 1 से 08 एवं क्रमांक 10 से क्रमांक 22 तक की डी0पी0आर0 रू0 5.00 करोड से कम** की होने के कारण जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक से अनुमोदित की गयी हैं एवं **क्रमांक 09 पर अंकित डी0पी0आर0 रू0 5.00 करोड से अधिक** की होने के कारण उसकी वेटिंग करा कर सीधे ही राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की जायेंगी।

अन्त में जिलाधिकारी महोदया, हाथरस द्वारा **22 नग डी0पी0आर0** अनुमोदित होने के उपरान्त बैठक का समापन किया गया।

**संलग्नक :- 45 कॉलम प्रारूप।**

13/1/23

**(साहित्य प्रकाश मिश्र)**
मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस

**पत्रॉंक / / दिनॉंक**

**प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सचूनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि क्रमांक 01 से 22 तक अंकित डी0पी0आर0 के अनुमोदन के सम्बन्ध में अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें एवं क्रमांक 23 पर अंकित डी0पी0आर0 के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान करने का कष्ट करें।
2. जिलाधिकारी महोदया, हाथरस।
3. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
4. मै0 आरबी एसोसियेट (टी0पी0आई0), हाथरस।
5. मै0 मैधज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी0पी0एम0यू0), हाथरस।
6. M/s BGCCPL-Ramky-JV,4th Floor Vikas Surya Shopping Mall,Plot- 18, Manglam Place, Sector-3 Rohini,Delhi- 110085.

मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस